राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल ने कहा, पर्यावरण संरक्षण बने जीवन की प्राथमिकता

## विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए कार्य करने का किया आह्वान

जयपुर, 4 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने सभी से पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाते हुए स्वच्छ पर्यावरण और पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने में सहभागिता का आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने, बेतहाशा बढ़ते प्रदूषण को रोकने और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रकृति के साथ मानवता का तादात्म्य जरूरी है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनका संरक्षण और प्रकृति पोषण के लिए काम करने, विकास के साथ हरित भवनों के निर्माण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया है।

-----